
# Daily COVID-19 Updates

# 15 May, 2020



# किसानों और मज़दूरों को बड़ी राहत देने वाला 'आर्थिक पैकेज'

आज देश कोरोना के साथ उन चुनौतियों से भी समानांतर युद्ध कर रहा है जो इस महामारी के कारण खड़ी हुई हैं. केंद्र सरकार द्वारा घोषित आर्थिक पैकेज का विवरण वित्त मंत्री प्रतिदिन देशवासियों को दे रही हैं. हम देख रहे हैं कि प्रतिदिन सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, उद्यमी सबको राहत देने का काम कर रही है. गौरतलब है कि मोदी सरकार ने 'एक देश, एक राशन कार्ड' जैसी योजना को मंजूरी दे दी है. इस योजना को 1 जून 2020 से पूरे देश में लागू कर दिया जायेगा. जब देश इस भीषण महामारी के दौर से गुजर रहा है, तब इस नए नियम से श्रमिकों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, उनकी जिंदगी में क्या बदलाव आएंगे, जैसे कई सवाल हम सभी के मन में आ रहे होंगे. जाहिर तौर पर कोरोना महामारी के कारण देश की रीढ़ माने जाने वाले किसान, मजदूर वर्ग पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है. इस बात से कत्तई इनकार नहीं किया जा सकता है कि लॉकडाउन के दौरान मजदूरों के मन में एक डर था कि जब उनके पास काम नहीं रहेगा, तो वे कमाई कैसे करेंगे और दो वक़्त की रोटी का जुगाड़ कैसे करेंगे? ऐसा नहीं कि यह प्रश्न सिर्फ मजदूरों के मन में था, बल्कि समाज का संवेदनशील तबका भी इस बात से चिंतित था. लेकिन हम देख पा रहे हैं कि मोदी सरकार राज्य सरकारों के साथ तालमेल बनाकर निर्णायक कदम उठा रही है. 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज के बाद ''एक देश, एक राशन कार्ड'' की सुविधा शुरू होने से मज़दूरों को दो वक्त की रोटी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा. दरअसल इस योजना के तहत देश के किसी भी राज्य का राशन कार्ड धारक किसी अन्य राज्य में भी राशन की दुकानों से सस्ती कीमतों में चावल और गेहूं खरीद सकेगा. सरकार के इस कदम से ना केवल भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा, बल्कि रोजगार या अन्य वजहों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने वाले गरीबों को सब्सिडी वाले राशन से वंचित नहीं होना पड़ेगा. सरकारी आंकड़ों के अनुसार ''एक देश, एक राशन कार्ड'' योजना के अंतर्गत देश के 23 राज्यों और करीब 67 करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा. पीडीएस योजना के 83 फीसदी लाभार्थी इससे जोड़े जाएंगे. इस योजना के तहत मार्च 2021 तक 100 फीसदी लाभार्थी जुड़ जाएंगे. निश्चित ही इस योजना का लाभ प्रवासी मजदूरों को अधिक होगा और इन लोगों को पूरी खाद्य सुरक्षा मिलेगी.

जहां एक ओर केंद्र सरकार का यह प्रयास है कि श्रमिकों को खाद्य की सुरक्षा मिले, वहीँ पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने इस योजना को अपने यहां लागू करने से मना कर दिया है. ऐसा नहीं है कि यह कोई पहली केन्द्रीय योजना है, जिसे ममता ने बंगाल में लागू करने से मना किया है. इससे पहले भी आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं को ममता ने नामंजूर कर दिया था.

खैर, यहां ममता से ज्यादा जरूरी है कि कैसे कोरोना के इस व्यापक प्रभाव और उससे खड़ी चुनौतियों का सामना मोदी सरकार दृढ़तापूर्वक कर रही है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रेस वार्ता की श्रृंखला में कई ऐसी योजनाओं का विस्तारपूर्वक जिक्र हुआ जो आने वाले दौर में भारतवासियों के सपनों वाला आत्मनिर्भर भारत बनाने में सहायक साबित होगा. किसानों की निश्चित आय के साथ-साथ जोखिम रहित खेती के लिए कानून बनाए जाने की घोषणा हुई है. इससे न सिर्फ किसानों का उत्पीड़न रोका जाएगा बल्कि किसानों के जीवन स्तर में सुधार आएगा. उन्हें निर्यातकों और बड़े कारोबारियों के साथ काम करने के अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे.

1955 में बनाया गया आवश्यक वस्तुओं से संबंधित कानून में अब बदलाव किया जा रहा है. अब उम्मीद है कि किसानों की आय में बढ़ोतरी के प्रयासों में तेज़ी आएगी. तिलहन, दलहन, आलू आदि जैसे प्रॉडक्ट्स को डि-रेग्युलेट किया जाएगा, इससे भी किसानों को लाभ मिलगा. मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन के साथ-साथ पशुओं का टीकाकरण जैसी योजनाएं हों या फिर असंगठित क्षेत्र के लिए 10 हजार करोड़ की योजना हो, सरकार सभी वर्गों तक इन योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए कृत संकल्पित नज़र आती है. इन सब घोषणाओं और नीतियों को देखकर हम यह उम्मीद कर सकते हैं कि केंद्र सरकार प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की सोच के साथ आगे बढ़ रही है. अब इन नीतियों की सहायता से ही आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होगा और भारत विश्व को अपनी आत्मनिर्भर शक्ति का एहसास कराएगा.

**Positive India:**

1. COVID-19: वर्ल्ड बैंक ने भारत को दिया सोशल प्रोटेक्शन पैकेज, 7500 करोड़ की मंजूरी- https://www.jagran.com/news/national-world-bank-approves-usd-1-bn-aid-to-support-india-for-providing-social-assistance-to-poor-and-vulnerable-households-20273565.html

2. ये हैं आईआईटी के कोरोना कवच, डॉक्टरों और नर्सों के साथ आम लोगों को भी मिलती है सुरक्षा- https://www.jagran.com/news/national-corona-shield-of-iit-gives-safety-cover-to-doctors-nurses-and-common-people-20273377.html

3. मणिपुर के नागा गांव ने बांस की झोपड़ी के बनाए Quarantine सेंटर, मुख्यमंत्री ने किया सलाम- https://www.jagran.com/news/national-manipur-village-set-up-quarantine-bamboo-huts-for-returnees-cm-appreciated-20273340.html

4. देश में कोरोना संक्रमण बढ़ने की रफ्तार धीमी, पिछले 24 घंटों में 14 राज्यों में नहीं आया एक भी मामला- https://www.jagran.com/news/national-infection-cases-in-the-country-slowed-down-not-a-single-case-has-come-in-14-states-in-the-last-24-hours-20272066.html

5. वंदे भारत मिशन के तहत अब तक 12 हजार से अधिक लोगों को लाया गया- https://www.jagran.com/news/national-so-far-more-than-12-thousand-people-have-been-brought-under-vande-bharat-mission-20272668.html

6. कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में पूर्व सैनिक और पूर्व स्वास्थ्य कर्मी भी मैदान में उतरे- https://www.jagran.com/news/national-ex-servicemen-and-ex-health-workers-also-ente-battle-against-coronavirus-jagran-special-20272363.html

7. कोरोना वायरस पर यूपी से अच्छी खबर : अब तक कोविड-19 के आधे मरीज ठीक होकर पहुंचे घर- https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/story-good-news-from-up-on-coronavirus-half-the-covid19-patients-have-recovered-and-reached-home-so-far-3215574.html

8. PM मोदी से चर्चा में बोले बिल गेट्स- कोरोना से जंग में भारत की अहम भूमिका- https://www.livehindustan.com/national/story-bill-gates-what-said-while-interaction-with-prime-minister-modi-via-video-conference-on-coronavirus-3215569.html

9. 'कोविड कवच' बताएगा रिकवर हो चुके कोरोना पेशेंट का हाल, भारत में बनी एंटीबॉडी टेस्टिंग किट को मंजूरी- https://navbharattimes.indiatimes.com/india/covid-kavach-elisa-antibody-testing-kits-for-coronavirus-cleared-by-icmr/articleshow/75749130.cms

10. ICMR-NIV ने बनाई ऐसी टेस्ट किट, एक साथ 90 सैंपल की होगी जांच- https://navbharattimes.indiatimes.com/india/icmr-and-niv-made-a-rapid-test-kit-for-corona-which-can-test-90-sample-at-a-time/articleshow/75746601.cms

11. World Bank lauds PM Modi's Atmanirbhar Mission in fight against Covid-19-https://www.hindustantimes.com/india-news/pm-modi-s-atmanirbhar-mission-very-important-in-covid-19-aftermath-world-bank-official/story-TQeXjhEaWlE6oyClF0Ic3J.html

12. Indian Covid-19 vaccine development to be backed by PM-CARES Fund-https://www.hindustantimes.com/india-news/indian-vaccine-development-to-be-backed-by-pm-cares/story-RLUxmlAlPnheClpTLbaSEK.html

## Salient Points of Press conference by Finance Minister Nirmala Sitharaman on Aatma Nirbhar Bharat Package

- Today's announcements will focus on agriculture and allied activities. The major part of Indian population is based on agriculture.

- The MSP purchases of more than Rs 74,300 crore was made during lockdown. Rs 18,700 crore transferred to farmers under PM-KISAN Yojana. Rs 6,400 crores sent to farmers against claims under PM Fasal Bima Yojana.

- We've also brought a new subvention scheme of 2% per annum to dairy cooperatives for 2020-21, with additional 2% for prompt paying. This will unlock Rs 5,000 crore liquidity and benefit 2 crore farmers.

- National Animal Disease Control Programme launched with an outlay of Rs 13,343 crore. 100% vaccination of all cattle, buffalo, sheep, goat and pig (total 53 crore animals). Till date (from Jan 2020), 1.5 crore cows & buffalos have been tagged and vaccinated.

- Rs 1 lakh crore Agri Infrastructure Fund for farm-gate infrastructure for farmers.

- Rs. 10,000 crores scheme for formalisation of micro food enterprises.

- Rs 20,000 crores for fishermen through Pradhan Mantri Matsaya Sampada Yojana (PMMSY).

- National Animal Disease Control Programme to ensure 100% vaccination of cattle, buffalo, sheep, goat and pig population for foot and mouth disease and for brucellosis.

- Rs 15,000 crore for Animal Husbandry Infrastructure Fund.

- Rs 500 crore for beekeeping initiatives. This will lead to increase in income for 2 lakh beekeepers and quality honey to consumers.




**India Fights Corona (COVID-19 Updates)**

- पिछले 24 घंटों में भारत में COVID19 के मामलों में 3,967 की बढ़त हुई है और 100 मौतें हुई हैं। देश में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या अब 81,970 है(इसमें 51,401 सक्रिय मामले, 27,920ठीक हो चुके/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले, 2,649मौतें शामिल हैं:स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- राज्य में आज Coronavirus के 57 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या अब 2157 हो गई है: आंध्र प्रदेश सरकार

- पंजाब में आज कोरोना वायरस के 7 नए मामले मिलने के बाद राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 1,942 हुई: पंजाब स्वास्थ्य विभाग

- 14 मई शाम 5 बजे से आज दोपहर 12 बजे तक राज्य में कोरोना वायरस के 45 नए मामले सामने आए हैं, राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 1,032 है: कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग

- 14 मई को राज्य में कोरोना वायरस के 61 पॉजिटिव मामले सामने आए। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 672 है, इसमें 158 डिस्चार्ज हो चुके मामले और 3 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, ओडिशा

- राजस्थान में आज 55 और COVID19 केस सामने आए हैं। अब पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर 4,589 हो गई है। कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 125 हो गई है और 1,818 सक्रिय मामले हैं :राजस्थान स्वास्थ्य विभाग

- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर के आंकड़ों के अनुसार अब तक देश में 20 लाख 39 हजार 952 नमूनों की जांच हो चुकी है।

- मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस के 253 नए मामले दर्ज होने के बाद राज्य में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 4,426 हो गई है।

- 16 नए COVID19 मामले आज राज्य में दर्ज किए गए, कुल मामलों की संख्या 576 और सक्रिय मामलों की संख्या 80 है: केरल CM पिनाराई विजयन

- झारखंड में COVID19 के लिए 2 और लोगों को पॉजिटिव पाया गया है, कुल मामलों की संख्या 205 हो गई है: नितिन मदन कुलकर्णी, राज्य स्वास्थ्य सचिव

- आज बिहार में COVID19 के 13 नए मामले सामने आए हैं, जिससे राज्य में कुल मामलों की संख्या 1012 हो गई है: संजय कुमार, राज्य प्रधान स्वास्थ्य सचिव

- प्रदेश में अभी तक कोरोना वायरस से 92 लोगों की मृत्यु हुई है, प्रदेश में कुल 3945 मामले सामने आए हैं, जिसमें से 1773 सक्रिय मामले हैं :उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्वास्थ्य सचिव अमित मोहन प्रसाद

- दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 425 नए मामले सामने आए हैं, कोरोना वायरस से कोई मौत नहीं हुई। दिल्ली में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 8,895 है(इसमें 5,254 सक्रिय मामले और 3,518 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले शामिल हैं): दिल्ली स्वास्थ्य विभाग

## COVID-19 Updates (Worldwide)

- World Bank approves USD one billion to support India's fight against COVID19 Pandemic.

- India calls upon G20 nations to ensure access to essential medicines, treatments, vaccines at affordable prices.

- US President Donald Trump rules out renegotiating trade deal with China. US President expresses disappointment over Beijing's handling of Coronavirus Outbreak which has spread across world killing over 3 lakh people, including 80 thousand in America.

- Virus could infect more than 200 million in Africa: WHO

- 1,754 people died from the coronavirus in the US in the past 24 hours, bringing the total number of deaths to 85,813, according to Johns Hopkins University. The country has now confirmed a total of 1,416,528 cases.

- Thousands of fresh graves are being dug in the Chilean capital's main cemetery amid a spike in the South American country's COVID-19 cases, authorities said.

- Hairdressers, restaurants and other stores reopen as New Zealand moves to Level 2 on its four-tier coronavirus alert system.

- The vast majority of Singapore's 26,098 coronavirus patients are migrant workers: CNN

- Britain has approved a coronavirus antibody test developed by pharmaceutical company Roche and is now working towards acquiring enough kits for widespread testing: CNN

- Amid Coronavirus Pandemic, Germany's economy shrank by 2.2% in the first three months of this year, official figures suggest.

# कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेख के मुख्य बिंदु

## कोरोना संकट : मोदी विरोध की अपनी राजनीति में बंगाल को संकट में डाल रहीं ममता

ममता बनर्जी का यह पुराना तरीका है कि जब कोई बड़ी समस्या सुलझाने में आप नाकाम होने लगो तो उसके लिए केंद्र और नरेन्द्र मोदी को बदनाम करना शुरू कर दो। कोरोना का संकट जब दस्तक दे रहा था तो उन्होंने केंद्र द्वारा दी गई चेतावनी को हल्के में लिया, और ऐसा भी कहा कि दिल्ली में हुई हिंसा से ध्यान हटाने के लिए केंद्र सरकार लोगों में दहशत फैलाना चाहती है। जब आज से दो महीने पहले कोविड-19 का प्रसार शुरू हुआ पूरे देश में तो ममता दीदी इस तरह का दिखावा कर रही थीं कि बंगाल में कोरोना फ़ैल ही नहीं सकता है। लेकिन जब कोरोना के मामले सामने आने लगे तो उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि केंद्र ने हमें खराब टेस्टिंग किट्स दिए हैं, हमारे पास दवा नहीं है, सुविधाएं नहीं हैं आदि इत्यादि।

और जब खबर मिली कि प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्यां छुपाई जा रही है तो उसको लेकर सियासत होने लगी। केंद्र से जब जांच टीम भेजने की बात आई तो ममता उसपर भी सियासत करने लगीं। देश में और भी तो गैर बीजेपी सरकारें हैं, जहाँ संतोषजनक काम हो रहा है, लेकिन आप अपने कर्तव्य का त्याग करके इसके लिए केंद्र के सर अगर ठीकरा फोड़ेंगी तो इससे सबसे पहले राज्य की जनता का ही नुकसान होगा। यह ऐसा वक़्त था कि राजनीति को कुछ समय के लिए परे रखकर ममता दीदी लोगों के बचाव पर ध्यान देतीं लेकिन बंगाल में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। उनके दिल में सेवा कम और सियासत करने की लालसा ज्यादा है। कोलकाता के राशन की दुकानों पर सामान नहीं मिल रहा है, डॉक्टर्स और दवाई की किल्लत है।

Source: http://www.nationalistonline.com/2020/05/10/mamta-is-putting-bengal-in-crisis-for-her-anti-modi-politics/




**Prepared by:**

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey